TDC Even Semester Exam., 2019

HINDI

(Honours)

(6th Semester)

Course No. : HINH–601

[Samkaleen Kavita (1960 ke Baad)]

Full Marks : 50
Pass Marks : 17

Time : 2 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. रघुवीर सहाय की काव्यगत प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

नई कविता के कवि के रूप में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का मूल्यांकन कीजिए।

2. केदारनाथ सिंह की काव्यगत विशेषताओं को सोदाहरण उद्घाटित कीजिए। 10

अथवा

कवि धूमिल की राजनीतिक चेतना की विशेषताएँ बताइए।

3. साठोत्तरी कवि के रूप में दुष्यंत कुमार का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

धर्मवीर भारती के काव्य की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10

(क) हँसो तुम पर निगाह रखी जा रही है
हँसो अपने पर न हँसना क्योंकि उसकी कड़वाहट पकड़ ली जायेगी
और तुम मारे जाओगे ऐसे हँसो कि बहुत खुश न मालूम हो
वरना शक होगा कि यह शख़्स शर्म में शामिल नहीं
और मारे जाओगे।

(ख) उस उदास गुमशुदा जगह में
जो सफेद है, मृत्युग्रस्त है
जो छाया है, सिर्फ़ रात है
जीवित है वह—जो बूढ़ा है या अधेड़ है
और हरा है—हरा यहाँ पर सिर्फ़ पेड़ है।
चेहरा-चेहरा डर लगता है
घर बाहर अवसाद है
लगता है, यह गाँव नरक का
भोजपुरी अनुवाद है।

(ग) मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
क्या जाने कब
इस दुरूह चक्रव्यूह में
अक्षौहिणी सेनाओं को चुनौती देता हुआ
कोई दुस्साहसी अभिमन्यु आकर घिर जाय।
अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी

बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ।
मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 5×2=10

(क) 'हिमालय के आँसू' कविता का केन्द्रीय भाव

(ख) आत्मजयी

(ग) श्रीकांत वर्मा की काव्य-भाषा

(घ) साठोत्तरी कविता

★★★